आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–30 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के अलावा कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।

अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान असाधारण और उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। आकाशवाणी से बातचीत में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर ने भारत सरकार का धन्यवाद किया।

कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भी आज मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। इस मौके पर एम.एस. स्वामीनाथन की बेटी सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र में काम करने के लिए उनके पिता को सम्मानित किया है। वहीं चौधरी चरणसिंह के पौत्र जयंत सिंह ने कहा कि उनके दादा को भारत रत्न मिलना बहुत बडी उपलब्धि है।

राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी।

****

अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने घरेलू उड़ान में सिर्फ तीन महीने में ही कई उपब्धियां हासिल कर ली हैं। प्रदेश के छह हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए इस एयरपोर्ट ने घरेलू उड़ान और यात्री की संख्या के मामले में पहला स्थान हासिल कर लिया है। यही नहीं देश में अयोध्या एयरपोर्ट को नवा स्थान प्राप्त हुआ है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के आंकड़ों के अनुसार राम नगरी का एयरपोर्ट शुरू होने के बाद से लगातार सेवाएं देने में सबसे आगे है। यही वजह है कि प्रदेश के भीतर यह एयरपोर्ट जनवरी के अंत में तीसरे और फरवरी में पहले स्थान पर पहुंच गया और मार्च में भी पहले स्थान पर ही बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीस दिसंबर दो हजार तेइस को अयोध्या एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। छह जनवरी से यहां विमान का संचालन शुरू हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान यहां उड़ानों और यात्रियों की संख्या काफी अधिक रही। एयरपोर्ट अथॉरिटी की मासिक रिपोर्ट में पैसेंजर और एयरक्राफ्ट मूवमेंट में अयोध्या एयरपोर्ट के आंकड़े प्रदेश में सबसे बेहतर है। अयोध्या एयरपोर्ट शुरू होने के तीस दिनों में ही एक सौ सत्तर विमान का आवागमन हुआ। वही इन विमानों से आने–जाने वाले यात्रियों की संख्या लगभग पच्चीस हजार थी। फरवरी माह में विमान के आवागम की संख्या छह सौ पैंसठ पहुंच गई तो यात्री संख्यां नब्बे हजार के पार चली गई।

यही आंकड़े मार्च में भी जारी रहे। एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक प्रतिदिन लगभग चार हजार यात्री महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंच रहे है। महीने में अब तक लगभग डेढ़ लाख यात्री एयरपोर्ट पर पहुंचे हैं। उन्होने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के सभी इंतजाम है। जल्द ही हम इंटरनेशनल फ्लाइट भी शुरू कर देंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के मेरठ जिले के दौरे पर आएगें। प्रधानमंत्री मेरठ में राजनीतिक रैली को संबोधित करेगें। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेगें। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा समिति सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज प्रशासन और पुलिस के अधिकारी रैली स्थल पर जमे रहें। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर सभी जरूरी इंतेजाम किये गये हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरी तरह सतर्क हैं।

****

देवरिया जिले के भलुअनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में आज सुबह गैस सिलेंडर फटने से एक महिला व उसके तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। घटना तब हुई महिला सुबह चाय बना रही थी कि अचानक रिसाव होने से गैस सिलेण्डर में आग लग गयी। जब तक महिला संभल पाती अचानक सिलेंडर फट गया जिससे वह और उसकी दो बेटियां व एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प मौके पर पहुँचे और आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

****

मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसीक्रम में जौनपुर के विद्यालयों में परीक्षाफल वितरण के साथ ही मतदाता जागरूकता का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करेगें। मेरठ में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ तो गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बस्ती आदि जिलों में भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित हुए।

****